**कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (POSH) पर आयोजित स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 24-04-2025 को आंतरिक शिकायत समिति के तत्वाधान में स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में किया गया। परिसर में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा देने के लिए "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम " (POSH) अधिनियम, 2013 पर ध्यान केंद्रित करते हुए POSH जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य संकाय और कर्मचारियों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों और उच्च शिक्षा संस्थान में यौन उत्पीड़न से निपटने के तंत्र के बारे में शिक्षित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा उपर्युक्त विषय पर स्लोगन लिखकर व पोस्टर बनाकर अपनी भावनाएं व्यक्त की ।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा -

प्रथम -विवेक झा, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

द्वितीय -खुशबू , बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

तृतीय -रिया भाटी , बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

सांत्वना- रिया, बी.कॉम. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंतरिक शिकायत समिति की संयोजिका डॉ. शोभना गोयल, आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य डॉ. डिंपल गोयल, डॉ. पूजा सैनी व श्री सुभाष और विद्यार्थी सदस्य में रिया भाटी व खुशबू का विशेष योगदान रहा ।